# ग्रुप कमाण्डर द्वारा एन0सी0सी0 कैम्प का निरीक्षण

शारदा ग्रुप के फरह स्थित हिन्दुस्तान कॉलेज ऑफ सांइस एण्ड टैक्नोलॉजी में आयोजित सी0ए0टी0सी0–34 (कम्बाइण्ड एनुअल ट्रेनिंग कैम्प) के दौरान आज ग्रुप कमाण्डर ब्रिगेडियर संजीव खन्ना ने आयोजित कैम्प का निरीक्षण किया। कैम्प मीडिया प्रभारी ले0 डॉ0 राजेश कहरवार ने बताया कि सर्वप्रथम कैडेट्स ने ग्रुप कमाण्डर को गार्ड ऑफ ऑनर दिया तत्पश्चात् परेड का मुआएना किया। उसके उपरान्त कैम्प एरिया का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय कैम्प कमाण्डैण्ट कर्नल अश्विन देव, डिप्टी कैम्प कमाण्डैण्ट कर्नल रविन्द्र सिंह मौजूद रहे।

उसके बाद हिन्दुस्तान कॉलेज के डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम सभागार में उपस्थित सभी कैडेट्स को सम्बोधित करते हुए ग्रुप कमाण्डैण्ट ब्रिगेडियर संजीव खन्ना ने कहा कि आप सभी कैडेट्स भारत देश की सेनाओं के अग्रणी प्रहरी हैं। आप सबको अनुशासन का पालन अपने कार्य के साथ–साथ अपने जीवन में भी इसको अपनाना है। एन0सी0सी0 से सम्बन्धित भर्तियों के बारे में भी बताया तथा सभी कैडेट्स के उज्जवल भविष्य की कामना की। ग्रुप कमाण्डर ने कॉलेज प्रशासन का धन्यवाद किया कि इस तरह की आधारभूत संरचना जो कि हिन्दुस्तान कॉलेज में एन0सी0सी0 कैडेट्स को उपलब्ध हुआ है इसके लिये में कॉलेज के निदेशक डॉ0 राजीव कुमार उपाध्याय और उनके प्रबन्धतंत्र का हृदय से धन्यवाद करता हूँ और आशा करता हूँ कि भविष्य में भी यहाँ कैम्प का आयोजन होता रहेगा।

इस अवसर पर ग्रुप कमाण्डर ने गार्ड ऑफ ऑनर के कैडेट्स को नकद पुरूस्कार देकर सम्मनित किया। इस अवसर पर कॉलेज के निदेशक डॉ0 राजीव कुमार उपाध्याय ने कॉलेज का स्मृति चिन्ह और वुके देकर ग्रुप कमाण्डर को सम्मानित किया।

इस अवसर पर विभिन्न कॉलेजों के एसोसियेट एन0सी0सी0 ऑफिसर्स जिनमें ले0 डॉ0 वाई0जी0 एस0 सोलंकी, ले0 डॉ0 राजेश कहरवार, ले0 रूकमेश कुमार सिंह, ले0 छोटेलाल, मुख्य रूप उपस्थित थे।